हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार




## खबर संक्षेप

### आग से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम राईकेरा निवासी तबरून बीबी पति स्व. आरीफ (85 वर्ष) 26 मार्च की शाम 5 बजे चूल्हा में आग जलाकर भोजन बना रही थी जबकि बहू रेशा बाहर काम कर रही थी तभी वृद्धा चीखने चिल्लाने लगी तो बहू अंदर जाकर देखी तो वृद्धा आग की चपेट में आ गई थी। बहू ने किसी तरह आग बुझाने के पश्चात घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन वृद्धा को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** बाग बहार थाना अंतर्गत ग्राम खुटापानी निवासी सीता बाई पैकरा पति तपेश्वर पैकरा (37 वर्ष) 26 मार्च की सुबह लगभग 6 बजे अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे पत्थगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कोटेया निवासी सुमित सिंह आ. राम प्रकाश सिंह (20 वर्ष) गत दिन ग्राम परसापाली निवासी दोस्त निकेश के साथ बाइक से घूमने निकले थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम धनोरा मोड़ के समीप पहुंचे तभी युवक ने बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को तत्काल दरिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने सुमित सिंह की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर रात लगभग 9.52 बजे आपात कालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

### सड़क के चौड़ीकरण से मिलेगी जाम से राहत

**अम्बिकापुर।** जोनल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य मुकेश तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिलकर रेलवे स्टेशन की सड़क का चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण एवं पृथक पहुंच मार्ग विकसित करने की मांग की है। श्री तिवारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत स्टेशन परिसर में मार्ग चौड़ीकरण सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन का कार्य पूर्ण हो चुका है। वॉशिंगपीट का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है तथा निर्माणाधीन अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं स्टेबलिंग लाइन के पूर्ण होने के पश्चात स्टेशन की क्षमता एवं रेल कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। भविष्य में अन्य प्रदेशों तक फाइनल लोकेशन सर्वे के अनुरूप नई लाइन निर्माण, यात्री गाड़ियों की संख्या बढ़ने के साथ यात्रियों की आवाजाही में भी वृद्धि होगी। स्टेशन परिसर के बार से मनेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग तक जाने वाला संपर्क मार्ग अत्यंत व्यस्त एवं संकीर्ण है। ट्रेन के आगमन के समय वाहनों की अत्यधिक भीड़ एवं अव्यवस्थित यातायात के कारण अक्सर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। रेलवे स्टेशन से मनेंद्रगढ़ रोड तक की सड़क का चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण कर टू-लेन मार्ग विकसित करने दोनों दिशाओं में निर्बाध आवागमन संभव होगा। इसके अतिरिक्त स्टेशन के पश्चिमी किनारे स्थित रेलवे क्वार्टर के आगे से मनेन्द्रगढ़ रोड तक लगभग 15 फीट चौड़ा मार्ग है, जिसे विकसित कर पृथक पहुंच मार्ग के रूप में विकसित करने पर यातायात का दबाव कम होगा।

## मुख्यमंत्री निवास बगिया में रामनवमी महायज्ञ का समापन

# श्रद्धा और भक्ति के बीच माता की प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रामनवमी पर मुख्यमंत्री निवास बगिया में आयोजित चार दिवसीय श्री रामनवमी महायज्ञ का शनिवार को श्रद्धामय वातावरण में समापन हो गया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, वहीं अंतिम दिन माता की प्रतिमा को विधि-विधान के साथ विसर्जित किया गया। समापन अवसर पर मुख्यमंत्री निवास से माता की प्रतिमा को बाजे-गाजे और जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में मैनी तट तक ले जाया गया। इस दौरान हजारों श्रद्धालु "जय श्रीराम" और माता के जयघोष करते हुए यात्रा में शामिल हुए। नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के पश्चात माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

- बड़ी संख्या में जुटे देवी संत समाज के लोग
- बाजे गाजे के साथ निकली मइया की शोभा यात्रा

### 33 वर्षों से आयोजित हो रहा महायज्ञ

इस पूरे आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से सक्रिय रहीं और उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं का मार्गदर्शन करते हुए पूजा-अर्चना में भाग लिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1993 से निरंतर आयोजित हो रहा यह महायज्ञ क्षेत्र की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन चुका है।चार दिनों तक चले इस महायज्ञ में प्रतिदिन पूजन, हवन, आरती, कथा-प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।





**नवकन्या पूजन, पूर्णाहुति और भव्य लीला** विशेष रूप से नवकन्या पूजन, पूर्णाहुति और भव्य लीला ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओडिशा, झारखंड और मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरे बगिया क्षेत्र में इन चार दिनों तक भक्ति संगीत, प्रवचन और धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।महायज्ञ का सफल संचालन परम पूज्य स्वामी धनपति पण्डा जी महाराज के आशीर्वाद में संपन्न हुआ,साथ ही मुख्यमंत्री के भाई जयप्रकाश साय सह पत्नी ने विधि विधान से पूजा सम्पन्न कराया। समापन के अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।भव्य आयोजन के सफल समापन के साथ ही बगिया एक बार फिर आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा।

# अष्ट प्रहरी महायज्ञः 24 घंटे गूंजता रहा हरे राम-हरे कृष्ण का नाम

**जशपुरनगर/दोकड़ा।** ग्राम गरियादोहर में रामनवमी महोत्सव पर आयोजित अष्ट प्रहरी महायज्ञ का रविवार को अत्यंत भव्य, श्रद्धामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे 24 घंटे तक चले इस अखंड धार्मिक आयोजन में क्षेत्र भर से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। गांव का वातावरण "हरे राम-हरे कृष्ण" के संकीर्तन से निरंतर गुंजायमान रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा नजर आया।

- ओडिशा, झारखंड एवं आसपास गांवों की दर्जनों मंडलियों ने किया भावविभोर

इस विशेष आयोजन में ओडिशा एवं झारखंड से पहुंचे प्रसिद्ध कीर्तन गायकों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं स्थानीय एवं आसपास के गांवों की कीर्तन मंडलियों ने भी बैठकी कर एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। कंचनपुर, पुसलदा, ठाकुर मुड़ा, टिकलीपारा, कछुवाकानी, सीमाबरी, केन्दूडीह और लुड़ेग सहित विभिन्न गांवों से आई मंडलियों ने अपनी भक्ति प्रस्तुतियों से माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया।



**महाआरती में शामिल हुईं सायः** महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित महाआरती में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

**पारंपरिक दही हांडी ने भरा उत्साहः** समापन अवसर पर पारंपरिक दही हंडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने आयोजन में उत्साह और रोमांच का रंग भर दिया। युवाओं ने पूरे जोश के साथ दही हंडी फोड़कर कार्यक्रम का उल्लासपूर्ण समापन किया।

### समारोह में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पद्मश्री जगेश्वर यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव, समाज के वरिष्ठ गणेश यादव, शंकर यादव, परसू यादव, ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह, बलराम भगत, दिनेश प्रसाद, सरोज यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बजरंग बली मंदिर समिति गरियादोहर के तत्वावधान में आयोजित इस अष्ट प्रहरी महायज्ञ का समापन महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने गरियादोहर को एक भक्ति धाम का स्वरूप प्रदान कर दिया।

### नगर भ्रमण बना आकर्षण का केंद्र

महोत्सव के दौरान नगर भ्रमण भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों के साथ पूरे गांव में घूमे और भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कीर्तन बैठकी में देर रात तक भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा, जहां श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।

# जंगल क्षेत्र में अवैध बोरवेल खनन पर वन विभाग की कार्रवाई, दो वाहन जब्त

**जशपुरनगर।** वन क्षेत्र में अवैध बोरवेल खनन की प्राप्त सूचना पर वन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। अवैध बोर खनन में लगे 2 वाहनों को जप्त किया गया।

ग्रामीणों द्वारा दूरभाष के माध्यम से सूचना देने पर वनमण्डलाधिकारी जशपुर शशि कुमार के निर्देशन में वन परिक्षेत्र सन्ना अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक तोरा, परिक्षेत्र सहायक सन्ना, बी. एफ.ओ. कामारिमा, चलनी, धनगुरी एवं बगीचा परिक्षेत्र के वन अमले द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। वन अमले द्वारा कक्ष क्रमांक पी 303 में पंचों एवं गवाहों की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि बोरवेल खनन का कार्य वन भूमि के अंदर अवैध रूप से किया जा रहा था, जिससे वन क्षेत्र एवं जैव विविधता को




गंभीर क्षति पहुंचने की संभावना थी। मौके पर कार्य को तत्काल रुकवाया गया तथा संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में वाहन चालक श्री सल्लू राम ग्राम मनोहरपुर एवं गोधन कोमा ग्राम नर्राटोला जिला बालौद द्वारा बताया गया कि यह कार्य राजेश यादव ग्राम दातुनपानी के निर्देश पर किया जा रहा था। साथ ही यह भी बताया गया कि संबंधित वाहनों के मालिक रमेश जायसवाल निवासी बिलाईगढ़ जिला बलौदाबाजार हैं। वन विभाग द्वारा उक्त अवैध गतिविधि को गंभीरता से लेते हुए ट्रक को जब्त किया गया। इस संबंध में वन अपराध के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जब्त वाहनों को वन आवासीय परिसर सन्ना में सुरक्षित रखा गया है।

## गैस, पेट्रोल-डीजल, और उर्वरक की कोई कमी नहीं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिले में किसी भी प्रकार गैस, पेट्रोल डीजल, और उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाह में न आएं। कलेक्टर ने शनिवार को कलेक्टोरेट में समीक्षा बैठक लेकर जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए थे। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में जशपुर जिले में किसी भी प्रकार से पेट्रोल डीजल एवं घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। सभी आमजनों से अनुरोध है कि वह आपूर्ति को लेकर किसी भ्रमक सूचना पर ध्यान न दे, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित अवधि में गैस बुकिंग हो रही है व समय सीमा में उसका भंडारण हो रहा है ।

### मुख्यमंत्री फैलोशिप योजना के लिए आवेदन 31 तक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं को शासन एवं नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा नवंबर 2024 में की गई थी। यह फेलोशिप कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करना है, जिससे शासन की प्रभावशीलता और दक्षता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से प्रायोजित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें समस्त शिक्षण शुल्क का वहन राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक फेलो को प्रति माह 50 हजार रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम दो वर्षों की अवधि का होगा, जिसमें प्रतिभागियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं जिला कलेक्टर कार्यालयों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# दोस्त के साथ का मेला देखने गए युवक का मिला शव

**जशपुरनगर।** कछुवाकानी–सिंगीबहार मार्ग पर सिंगीबहार कोड़ाटोली के पास निर्माणाधीन पुल के नीचे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गया। घटना के बाद जहां शुरुआती तौर पर इसे सड़क दुर्घटना बताया जा रहा था, वहीं अब शव को बोरी और जीआई चदरा से ढंकी तस्वीर के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और ज्यादा उलझ गया है।

वायरल तस्वीरों ने पूरे घटनाक्रम पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का माहौल गर्म है, वहीं परिजन इसे साधारण हादसा मानने को तैयार नहीं हैं। परिजनों ने साफ तौर पर हत्या की आशंका जताते हुए न्याय की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मृतक अपने साथी के साथ रामनवमी मेला देखकर रात में कछुवाकानी से लौट रहा था। इसी दौरान निर्माणाधीन पुल के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटनास्थल से बाइक के अवशेष भी बरामद हुए हैं, जिससे हादसे की संभावना तो बनती है, लेकिन शव की स्थिति और वायरल तस्वीरों ने शक को गहरा कर दिया है। मामले में नया मोड़ तब आया जब परिजन जशपुर के एसपी कार्यालय पहुंचे और जशपुर डीएसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की।



### 30 घंटे बाद परिवार अंतिम संस्कार के लिए हुआ तैयार

परिजनों ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि यदि यह हत्या का मामला है तो आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए। हालांकि, जशपुर पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा समझाइश और निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद करीब 30 घंटे बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

### हर एंगल जांच कर रही है पुलिस

मृतक का अंतिम संस्कार उसके गृह निवास सांको में किया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि मामले में कई ऐसे पहलू सामने आ रहे हैं, जो साधारण दुर्घटना से मेल नहीं खाते और इन सभी बिंदुओं की गहराई से जांच जरूरी है। वहीं, पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि, हर एंगल चाहे दुर्घटना हो या हत्या दोनों ही पहलुओं से जांच की जा रही है। संधिग्ध लोगो से पूछताछ जारी है और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है।

### क्षेत्र के लोगों में आक्रोश

इस पूरे घटनाक्रम ने क्षेत्र में सनसनी,आक्रोश और कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सबकी नजर पुलिस जांच पर टिकी हुई है कि आखिर इस मौत का सच क्या है हादसा या फिर कोई साजिश।

## बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले को किया गौरवान्वित

# सीएम ने इचकेला की बालिका क्रिकेट खिलाड़ियों को दिए क्रिकेट किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को जशपुर विकास खंड के मल्टीपरपज इंडोर बास्केटबॉल स्टेडियम में ग्राम इचकेला के छत्तीसगढ़ बालिका क्रिकेट टीम 16 खिलाड़ियों से मुलाकात करके शुभकामनाएं दी ।

क्रिकेट की दुनिया में जिले का नाम रोशन करने वाली शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, इचकेला की प्रतिभाशाली छात्राओं को विष्णुदेव साय ने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्रावास की इन छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप इसी लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ निरंतर आगे बढ़ती रहें तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य



और देश का नाम रोशन करें। वर्तमान में इस इनफॉर्मल अकादमी से कुल 17 बालिकाएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग में छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं तथा बोर्ड मैचों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। वर्तमान में 40 खिलाड़ी क्रिकेट का निरंतर अभ्यास कर रही हैं। वर्ष 2025 में सरगुजा संभाग ने 25 वर्षों में पहली बार राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक विजय में इचकेला एमसीसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, क्योंकि सरगुजा संभाग की विजेता टीम में शामिल 11 खिलाड़ियों में से 9 खिलाड़ी इचकेला एमसीसी से थीं। इसी प्रकार, अंडर-19 वर्ग में सरगुजा संभाग ने रजत पदक अर्जित किया, जिसमें टीम की 11 में से 8 खिलाड़ी इचकला एमसीसी से थीं। वर्ष 2025 में रायगढ़ में आयोजित इंटर-स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट, जिसमें देशभर की टीमों ने भाग लिया, उसमें भी इचकेला एमसीसी की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। अब तक इस ग्रुप से 11 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिले एवं राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इन उपलब्धियों के पीछे संतोष शंकर सोनी एवं पंडरी बाई का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है।

# नगर पालिका की डिजिटल डोर सुविधा का शुभारंभ

**जशपुरनगर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को एचडीएफसी बैंक के डिजिटल डोर सुविधा का शुभारंभ किया। बैंक ने नगर पालिका जशपुर को एक क्यूं आर कोड जनरेट करके दिया जिसके माध्यम से जशपुर जिले के नागरिक घर बैठे क्यूं आर



कोड के माध्यम से संपत्ति कर जल कर दुकान का टेक्स पेमेंट कर सकते है लोगों को एचडीएफसी बैंक के माध्यम से हर घर के लिए अलग अलग क्यूं कोड बनाया गया है जिसको घर घर चस्पा भी किया जा रहा है। जिसमें मकान मालिक का नाम घर का नम्बर और मोबाइल नम्बर के साथ कितना घर का टेक्स बकाया है क्यूं आर कोड में पता चल जाएगा ताकि जशपुर नगरीय क्षेत्र के नागरिक इस क्यूं आर उपयोग करके टेक्स का भुगतान कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव कृष्णा राय कलेक्टर रोहित व्यास नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय एचडीएफसी बैंक के रिजनल मैनेजर सराफत अली शाखा प्रबंधक दीपक दास उपस्थित थे।

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

4
मानस महायज्ञ से जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव होते हैं उत्पन्नः मंजू



**खबर संक्षेप**

### प्रयास विद्यालयों में कक्षा 9वीं में आवेदन 17 तक

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु सभी वर्ग के विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन 17 अप्रैल तक किया जा सकता है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडी, जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाती है। यह प्रवेश परीक्षा 10 मई 2026 को निर्धारित है। इच्छुक विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### 31 मार्च तक आरटीई में ऑनलाइन आवेदन

**सारंगढ़।** शिक्षा का अधिकार आरटीई के तहत जरूरतमंद और पात्र छात्रों को नर्सरी से क्लास बारहवीं तक निःशुल्क शिक्षा दिया जाता है इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 31 मार्च तक जमा किए जा सकते है जिसका वेबसाईट आरटीई डॉट सीजी डॉट एन आई सी डॉट इन है। इस अधिनियम के तहत 3 से 6 वर्ष तक के बच्चे किसी भी प्राइवेट स्कूल के प्रारंभिक कक्षा मे प्रवेश ले सकते है। आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने के लिए पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, जाति निवास जैसे कई दस्तावेज पालक की होनी चाहिए।

### थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए 1 तक आवेदन

**रायगढ़।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके तहत अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक व स्टोरकीपर, ट्रैडमैन दसवीं उत्तीर्ण, ट्रैडमैन आठवीं उत्तीर्ण, अग्निवीर महिला सेना पुलिस तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंटए नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम सीईई 1 जून से 10 जून तक होने की संभावना है। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक सेना भर्ती कार्यालय नया रायपुर के टेलीफोन नंबर 2965214 पर संपर्क कर सकते है।

### ग्रामीणों को अब नहीं तय करनी पड़ती लंबी दूरी




**रायगढ़।** जहां कभी हर सुबह पानी की चिंता के साथ शुरू होती थी, आज वही दिन सुकून, सुविधा और मुस्कान के साथ गुजर रहा है। यह बदलाव है ग्राम किरीतमाल के लोगों के जीवन में, जिनकी दिनचर्या जल जीवन मिशन के चलते पूरी तरह बदल चुकी है। जिला रायगढ़ के विकासखंड खरसिया से लगभग 30 किलोमीटर दूर बसे किरीतमाल गांव में कुछ साल पहले तक पानी की भारी किल्लत थी। एक साधारण किसान परिवार की गृहिणी तनूजा यादव के लिए हर दिन की शुरुआत पानी की व्यवस्था से होती थी। गांव में कुछ सीमित हैंडपंप ही पानी का एकमात्र साधन थे, जिनसे पानी लाने के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। कई बार दिन में दो से तीन बार चक्कर लगाना उनकी मजबूरी थी। गर्मियों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती थी। हैंडपंप सूख जाते, और जो चलते भी थे, वहां लंबी कतारें लगी रहती थीं। घंटों इंतजार करने के बाद भी पर्याप्त पानी मिलना मुश्किल होता था। इस रोजमर्रा के संघर्ष ने न केवल उनका समय और ऊर्जा छीनी, बल्कि परिवार की दिनचर्या और बच्चों की पढ़ाई पर भी गहरा असर डाला। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना इस गांव के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हुई।

## आज शहर सरकार पेश करेगा अपने कार्यकाल का दूसरा बजट

# गाइड लाइन बढ़ने के बाद भी शहरवासियों को राहत, नहीं बढ़ेगा प्रापर्टी टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आज शहर सरकार अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेगी। बीते साल की तरह इस साल भी नगरनिगम में फायदे का बजट पेश हो सकता है। इस साल जमीन की गाइड लाइन बढ़ने के बाद भी प्रापर्टी टैक्स बढ़ने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में शहरवासियों पर किसी तरह का टैक्स का बोझ नहीं पड़ेगा। वहीं शहरवासियों के लिए कई तरह की सुविधाओं का विस्तार भी हो सकता है। इसके लिए बजट प्रावधान करने की जानकारी मिल रही है। दूसरी ओर बजट बैठक को भी काफी हंगामेदार होने की बात भी कही जा रही है। कारण विपक्ष की ओर से भी इस बजट को लेकर तैयारी की जा रही है और सत्तापक्ष को घेरने की पूरी रणनीति बनाने की बात सामने आ रही है।

**खास बात**

- विपक्ष ने की तैयारी, कई मुद्दों को लेकर घेरने की बनाई रणनीति
- बीते साल भी फायदे का था बजट

आज शहर सरकार बजट पेश करेगी। इस साल भी उम्मीद है कि फायदे का बजट पेश हो सकता है। बीते साल करीब 20 करोड़ 24 फायदे का बजट पेश किया गया था। जानकारी के अनुसार इस साल भी करीब 22 करोड़ 24 लाख फायदे का बजट पेश हो सकता है। याने बीते साल से दो करोड़ अधिक फायदे का बजट हो सकता है। खास बात यह है कि इस साल जमीनों की गाइड बढ़ी तो है, लेकिन कुछ तकनीकी प्रावधानों के तहत इस साल नगरनिगम प्रापर्टी टैक्स नहीं बढ़ा सकती। ऐसे में शहर वासियों पर किसी तरह का प्रापर्टी टैक्स का बोझ पड़ने वाली नहीं है। यह शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर हो सकती है। हालांकि आज बजट पेश होगा, इसके बाद भी पता चल सकता है कि टैक्स बढ़ेगा या नहीं। जो जानकारी मिली है उसके हिसाब से इस साल निगम का बजट 92 करोड़ 74 लाख आय और 85 करोड़ 49 लाख व्यय का हो सकता है।



**बीते साल ऐसा था बजट**

बीते साल महापौर जीवर्धन चौहान ने 20 करोड़ 24 लाख बचत का बजट पेश किया था। इसमें साल 2025-26 में बजट अनुमानित राजस्व आय 89 करोड़ 34 लाख 11 हजार और राजस्व व्यय 80 करोड़ 9 लाख 4 हजार था। पूंजीगत आय 772 करोड़ 75 लाख और पूंजीगत व्यय 761 करोड़ 76 लाख 03 हजार था। इस तरह कुल आय 862 करोड़ 09 लाख 11 हजार और कुल व्यय 841 करोड़ 85 लाख 07 हजार अनुमानित था। कुल आय और कुल व्यय के हिसाब से 20 करोड़ 24 लाख 4 हजार बचत का बजट था। इस साल याने 2026-27 में जो बजट प्रावधान 9274.00 राजस्व आय और 8549.74 लाख राजस्व व्यय हो सकता है।

**विपक्ष इन मुद्दों को लेकर कर सकता है घेराव**

इस बजट को लेकर विपक्ष भी काफी तैयारी कर रखा है। जानकारी मिली है कि बीजेपी की ओर से चुनाव के दौरान जो घोषणाएं की गई थी उसे लेकर हंगामा कर सकता है। इसमें महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर 25 फीसदी की छूट, हर महीने 7 तारीख से पहले संपत्ति कर जमा करने वालों को 10 प्रतिशत की छूट शामिल है। इसके अलावा नगरनिगम में महापौर सम्मान निधि की स्थापना, समाधान योजना के तहत बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर को एकमुश्त निपटान, यूजर चार्ज का युक्तियुक्तकरण करने समेत अन्य कई मुद्दे हैं जिसे लेकर विपक्ष सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनाई है।

## हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विरेंद्र के न्यायालय ने 24 मार्च को हत्या के मामले में आरोपी सूरज राठिया पिता बंधन राठिया 22 निवासी ग्राम आमगांव थाना धरमजयगढ़ को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। आरोपी ने थाना पूंजीपथरा क्षेत्र अंतर्गत विंध्याचल ऑक्सीजन प्लांट की लेबर कॉलोनी में पिकअप चालक विरेन्द्र खम्हारी 30 साल निवासी ग्राम लुकापारा सरिया की टांगी मारकर हत्या कर दी थी।



घटना 22 अगस्त की रात की है। मृतक विरेन्द्र खम्हारी निवासी लुकापारा सरिया प्लांट में पिकअप चालक था और आरोपी सूरज राठिया खलासी का काम करता था। दोनों लेबर कॉलोनी में अलग.अलग क्वार्टर में रहते थे और आपस में अच्छे संबंध थे। घटना के दिन विरेन्द्र द्वारा सूरज से उधार पैसे मांगे जाने पर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी सूरज राठिया ने टांगी से हमला कर विरेन्द्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय विरेन्द्र की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्कालीन थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए फरार आरोपी की तलाश शुरू की। फरार आरोपी सूरज राठिया अपने क्वार्टर में सामान लेने वापस आया था तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि पैसों के विवाद में उसने हमला किया था। इस प्रकरण की प्रारंभिक विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा की गई, जिसके बाद विवेचना सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार द्वारा आगे बढ़ाई गई। विवेचना अधिकारी जयराम सिदार ने वैज्ञानिक साक्ष्य, घटनास्थल से जुटा, गए प्रमाण, एफएसएल रिपोर्ट और महत्वपूर्ण गवाहों के बयान को मजबूत तरीके से न्यायालय में प्रस्तुत कराया। अभियोजन पक्ष के साथ समन्वय कर सभी महत्वपूर्ण साक्षियों के कथन कराए गए और गवाहों के बयान अडिग रहे, जिससे आरोपी को कठोर सजा दिलाने में सफलता मिली। मामले में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक वंदना केशरवानी ने प्रभावी पैरवी की।

## रामकथा में पारंगत सगी बहनों ने बांधा समा





**रायगढ़।** रामनवमी के पावन अवसर पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत बरमकेला तहसील के समीपस्थ ग्राम खिचरी में 27 मार्च शुक्रवार को रात्रिकाल में संगीतमय रामकथा गायन वाचन के माध्यम से प्रस्तुत रामचरित मानस की भक्ति रसधारा में डुबकर श्रद्धालु भक्त वृंद रात भर झूमने को विवश हो गए। राजनांदगांव जिला के कांकेतरा ग्राम से पहुंची छः सगी बहनों की ष्एकता मानस परिवार द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों के साथ ग्राम के मानस कथा प्रवक्ता भोजराम पटेल द्वारा गीत संगीत के माध्यम से प्रस्तुत रामजन्म की कथा से भाव विभोर होकर भगवान राम की कथा रसास्वादन किए।

विदित हो कि रामनवमी के पावन पर्व पर बरमकेला विकास खण्ड के ग्राम खिचरी में प्रतिवर्ष भव्य संगीतमय रामकथा वाचन का आयोजन कर विशेष आमंत्रित कलाकारों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से भगवान राम के चरित्र का गुणानुवाद किया जाता है। इस वर्ष आमंत्रित छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित मानस मंडली राजनांदगांव के कांकेतरा से 6 सगी बहनों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुति में भगवान राम के भजन माँ दुर्गा, भगवान कृष्ण श्याम भजन, हनुमान की भक्ति गीत व छत्तीसगढ़ी जश गीतों की भक्ति रस बारीस कर उपस्थित श्रद्धालु जनों को मुग्ध किया भगवत सिन्हा की इन पुत्रियों ने विभिन्न वाद्य यंत्रों पर सस्वर प्रस्तुति दी जिसमें बहन दुर्गा सिन्हा द्वारा आर्गन एवं व्याख्यान, बहन अंजली सिन्हा ने बैंजो व कोरस में, बहन श्रद्धा सिन्हा ने तबला व ढोलक, नुतन सिन्हा द्वारा बांसुरी व शहनाई, बहन डॉली सिन्हा द्वारा आक्टोपैड एवं बहन तनुना सिन्हा द्वारा गायन व आर्गन पर अत्यंत ही कुशल व प्रभावी ढंग से संगत करते हुए राम कथा का सुमधुर गायन वाचन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत एवं डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र पुरुस्कार से सम्मानित व्याख्याता भोजराम पटेल द्वारा अपने संगतकार हारमोनियम वादक गोरेलाल नायक ग्राम पेंवरा, वायलिन वादक गणेश राम निषाद खोरिगाँव तबला संगतकार लक्ष्मण सिदार व गायक हेमानंद पटेल ग्राम खिचरी के संगत से राम जन्म की कथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर मानस के प्रसंगों की व्याख्या की गई। राजनांदगांव कांकेतरा के एकता मानस मंडली की छः सगी बहनों की मानस गायन प्रस्तुति के पूर्व ग्राम के आयोजकों की ओर से श्रीफल एवं अंगवस्त्र द्वारा इनका सम्मान किया गया तत्पश्चात मंच से बही रामभक्ति रसधारा रात भर अनवरत बहती रही इस भक्ति रसधार में श्रद्धालु भक्तजन अभिसिंचित होकर झुमने लगे।

## मॉडिफाई साइलेंसर को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान, पकड़े गए 11 वाहन

**रायगढ़।** मॉडिफाई साइलेंसर को लेकर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इसके तहत शहर के विभिन्न चेक प्वाइंट पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ने 11 ऐसे वाहनों को पकड़ा जिनमें तेज आवाज वाले मॉडिफाई साइलेंसर लगे हुए थे। सभी वाहनों को कार्रवाई के लिए ट्रैफिक थाना लाया गया। इसके बाद वाहन चालकों और उनके अभिभावकों को पुलिस कार्यालय बुलाया गया।

- साइलेंसर हटाकर की गई चालानी कार्रवाई

जहां एसएसपी शशि मोहन सिंह ने नियमों के उल्लंघन पर कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसी गलती दोहराने पर अलग से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी। थाने में इन वाहनों में लगे मॉडिफाई साइलेंसर निकलवाकर चालानी कार्रवाई की गई। मॉडिफाई साइलेंसर के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर हाल ही में थाना यातायात और थानों द्वारा करीब 50 साइलेंसर जब्त किए गए हैं। जिन्हें ट्रैफिक पुलिस द्वारा पुलिस कालोनी में बुलडोजर चलवाकर नष्ट किया गया है।



**मॉडिफाई साइलेंसर तो दें पुलिस को सूचना**

यदि आपको शहर में कहीं मॉडिफाई साइलेंसर गाड़ी दिखे तो मोबाइल में फोटो खींचे और उसकी सूचना पुलिस को दे दें। इसके लिए पुलिस ने एक सरकारी नंबर भी जारी किया है। मॉडिफाई साइलेंसर लगे वाहनों की फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर पुलिस को सूचित करें, ताकि ऐसे वाहन चालकों पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना उपभोक्ताओं को दे रही बड़ी राहत

**सारंगढ़।** कार्यपालन अभियंता प्रफुल्ल चंद्र महानन्दा ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का लाभ हर पात्र उपभोक्ता को मिलना चाहिए।

इस योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2023 से पहले के बकाया बिलों पर बड़ी राहत दी जा रही है, जिसमें बीपीएल और निष्क्रिय घरेलू, कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 50 प्रतिशत से 75प्रतिशत तक और अधिभार सरचार्ज पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। सक्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए 05 वर्ष से पूर्व एवं 01 से 05 वर्ष अवधि के बकाया पर मूल राशि पर क्रमशः 75 प्रतिशत एवं 50 प्रतिशत और अधिभार में 100 प्रतिशत छूट के साथ साथ सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर मूल राशि में 10 प्रतिशत और तीन किस्तों में भुगतान पर 05 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट का प्रावधान के साथ 06 किस्तों में भी भुगतान की सुविधा एवं तीनों स्थितियों में अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान है। इस योजना का लाभ जून 2026 तक मिलेगा। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार एकमुश्त भुगतान या किस्तों में भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं।

## रामनवमीं शोभा यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

**रायगढ़।** बीते तीन साल से रत्थूलाल गुप्ता सम्भागीय अध्यक्ष कोलता समाज एवं रवि गुप्ता अध्यक्ष रामचंडी सेवा समिति के नेतृत्व में रायगढ़ में आयोजित हो रहे ऐतिहासिक रामनवमी शोभा यात्रा में सहभागिता दिनोदिन बढ़ती जा रही है।

जिले कोलता समाज की अधिक्य होने के साथ साथ अब यह समाज विकास की मुख्य धारा में जुड़कर सभी समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। रामनवमी शोभा यात्रा में कोलता समाज के प्रतिनिधियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। यही नहीं समाज के आमलोगों को जोड़ने की कोशिश की गई। रामचंडी सेवा समिति के सदस्यों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक कांग्रेस कार्यालय के बगल में तंबू लगाकर राम भक्तों को शुद्ध ठंडक पानी के साथ था ठंडा शरबत पिलाकर महती योगदान दिया। हजारों दर्शनार्थी रामभक्तों ने कोलता समाज द्वारा लगाए गए पेय जल स्टाल पर आकर मीठा शरबत पीकर अपना प्यास बुझाई। रामचंडी सेवा समिति रायगढ़ टीम जिनके मेहनत से शोभायात्रा का आयोजन सफल रहा ।



### रिकार्ड से 633 नग घरेलू गैस भरा और 56 व्यावसायिक सिलेंडर गायब, जांच में हुआ खुलासा, 1878 उपभोक्ता लाइन में

# जिंदल प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता गैस एजेंसी हो सकता है ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गैस एजेंसी संचालित करने वाली संस्था जिंदल कर्मचारी प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार को ब्लैक लिस्टेट किया जा सकता है। यहां फूड विभाग की टीम की गई जांच के दौरान भारी संख्या में सिलेंडर अफरा-तफरी का मामला सामने आया है। जो जानकारी मिली है उसके अनुसार रिकार्ड से 633 नग घरेलू गैस भरा और 56 व्यावसायिक सिलेंडर गायब है। इसका कोई ऑनलाइन में रिकार्ड ही नहीं है। दूसरी ओर 1878 उपभोक्ता ऐसे हैं जो सिलेंडर की लाइन में और सबका डीएसी भी हो चुका है। यह भी जांच में खुलासा हुआ है। याने भारी गड़बड़ी सामने आने की बात कही जा रही है।

28 मार्च को जिंदल कर्मचारी प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार गैस एजेंसी में सहायक खाद्य अधिकारी अंजनी राव और पुसौर फूड इंस्पेक्टर चूड़ामणी सिदार जांच करने पहुंचे थे। इस दौरान ऑनलाइन स्टॉक की जांच की गई। इस एजेंसी के पास इंडेन गैस की एजेंसी है और यह संस्था गेट नंबर 2, जिंदल परिसर में स्थित है। जांच मे एजेंसी के रिकॉर्ड से 633 नग भरा घरेलू गैस सिलेंडर (14ड्ढ2 केजी ) और 56 नग भरा व्यावसायिक गैस सिलेंडर स्टॉक में कम मिला है। जांच के वक्त 1878 उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबित हैं। इन सभी का डीएसी भी हो गया है। बीते 26 और 27 मार्च को 2 गाड़ी लोड का इंनडेंट (मांग पत्र) लगाया गया है, लेकिन एजेंसी के रिकॉर्ड में केवल 39 खाली सिलेंडर दर्ज है । जिसके कारण लोड भेजने में तकनीकी दिक्कतें आ रही है। जानकारी के अनुसार यहां कम से कम 342 खाली सिलेंडर रिकॉर्ड में जरुरी है। तभी सिलेंडर अनलोड हो पाएगा। ऐसे में इअस एजेंसी में व्यापक स्तर पर घरेलू गैस सिलेंडर की अफरा-तफरी होने का मामला सामने आया है।






**चार घंटे लगा पंचनामा बनाने में**

इस पूरे जांच के दौरान एक बात जो सामने आई है उसमें पंचनामा बनाने में अधिकारियों को करीब 4 घंटे केवल पंचनामा बनाने में लग गए। याने काफी कुछ गड़बड़ी सामने आने की बात कही जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि एक-एक रिकार्ड की जांच की गई है। उसमें काफी कुछ घालमेल हो सकता है। जो भी खाद्य विभाग की इस जांच रिपोर्ट के आधार पर इस एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड भी किया जा सकता हे।

28 मार्च को जिंदल कर्मचारी प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार गैस एजेंसी में जांच की गई है। यहां ऑनलाइन रिकार्ड में काफी कुछ अनियमितताएं सामने आई है। जांच टीम द्वारा रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उसे कलेक्टर के समक्ष पेश किया जाएगा।

सी सिंह, फूड ऑफिसर

## खबर संक्षेप



### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 405 मरीजों का इलाज

**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक के दूरस्थ ग्रामों में आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उचित परामर्श और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया। इन शिविरों में कुल 405 रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में डॉ. जागृति पटेल द्वारा जोड़ों के दर्द, अस्थि संधि विकार, वृद्धजन स्वास्थ्य समस्याएं, जीवनशैली जनित रोग, आहार विहार, योगासन, स्वच्छता एवं नशामुक्ति जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यकतानुसार पंपलेट वितरित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। मार्च माह के दौरान कठली, टपरदा, सिंगपुरी, चंघोरी, परसापाली, बराडोली, कोलता पारा, स्कूल पारा एवं बुनगा जैसे गांवों में शिविर लगाए गए। बुनगा में विशेष रूप से जीवनशैली में सुधारए औषधीय पौधों की पहचान एवं उपयोग, घरेलू उपचार, शालेय स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी एवं शुगर जांच, सियान जतन तथा दैनिक योगाभ्यास जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रति विश्वास बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया जा रहा है।

### सुपोषित ग्राम पंचायत पुरस्कारः 2 अप्रैल को करेंगे पुरस्कृत

**जांजगीर-चांपा।** सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले की तीन ग्राम पंचायतों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हेतु किया गया है। अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर 2024 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को कुपोषण के खिलाफ सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कुपोषण में कमी लाना है। जिला जांजगीर-चांपा से परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत हथनेवरा एवं सोनादह तथा परियोजना जांजगीर अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्री का चयन किया गया है। चयनित पंचायतों को 2 अप्रैल को भारत मंडपम में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच व पंच एवं एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### 12वीं उत्तीर्ण के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025-26 में विषय गणित एवं विज्ञान के साथ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्र छात्राओं एवं वर्तमान में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए ड्रापर बैच हेतु राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में की निःशुल्क तैयारी के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय के वेबसाईट से ऑनलाईन जमा किया जा सकता है।

### बाल भविष्य सुरक्षा योजना परीक्षा के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं।

### सरिया में महाभंडारे के साथ नवधा रामायण की पूर्णाहुति

# मानस महायज्ञ से जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव होते हैं उत्पन्नः मंजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

धर्म कला एवं संस्कृति की नगरी सरिया में अखंड नवधा रामायण की पूर्णाहुति एवं महा भंडारे के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ। रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्री राम के राज्याभिषेक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। फूलों की होली खेली गई। मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गई। साथ ही साथ भगवान से राम की शोभा यात्रा में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी भूमिका निभाते हुए नवधा रामायण को भव्यता प्रदान की। आज अनुष्ठान के समापन अवसर पर पूर्णाहुति एवं महा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूर्णाहूति, में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

नवधा रामायण के आचार्य पंडित अमित मिश्रा ने बताया कि हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ.साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की वजह सद्गुणों के द्वार खोलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं इसके पहले वृंदावन धाम से पधारी सुश्री देवी मंजू कल्याणी ने कहा कि रामचरित्र मानस महायज्ञ से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। रामचरित मानस महायज्ञ से जीव में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं तथा विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। देवी मंजू कल्याणी ने नवधा रामायण पूर्णाहुति के दौरान महा भंडारा दिया जाता है और महा भंडारा का प्रसाद मन बुद्धि चित्त को निर्मल कर देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ प्रसाद ही है। नगर में आयोजित अखंड नवधा रामायण का आयोजन 18 से 28 मार्च तक किया गया था। 28 मार्च को पूर्णाहुति के साथ हवन एवं भंडारा कराया गया। श्रद्धालुओं ने हवन में पहले आहुति डाली। इसके बाद बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारा का लाभ लिया।





नवधा रामायण पूर्णाहूति अवसर पर प्रवचन करते सुश्री देवी मंजू कल्याणी और हवन करते समिति के पदाधिकारी।

#### अच्छे प्रसंग सुनकर समाज में आता है बदलाव

नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा की वृंदावन धाम से पधारी देवी कल्याणी तथा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथा वाचक नंद कुमार साहू व सरिया नगर के गौरव पंडित सलिल कृष्ण गुरु के द्वारा दिए गए प्रवचन की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसे कथा का होना समाज को एक दिशा प्रदान करता है। लोगों में जागरूकता आती है। अच्छे प्रसंग सुनकर समाज में बदलाव आता है। उन्होंने नवधा रामायण आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी यहां नवधा रामायण का आयोजन होता रहे और लोगों को इसका लाभ मिलता रहे। सरिया में आयोजित अखंड नवधा रामायण को सफल बनाने में नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार बैरागी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, गणेश सिंघल, सचिव गोपाल नामदेव, संरक्षक नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, विकास स्वर्णकार, श्याम स्वर्णकार, गजानन प्रधान, फकीर मोहन, रंजू गुरु, डॉ एस कर, विजय सोनी, अरुण मिश्रा, अमित मिश्रा, फागुलाल निषाद, ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान, छोटेलाल अग्रवाल, रतन दास एवं आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी तथा तुलसी रामायण समिति के समस्त पदाधिकारी का सहयोग सराहनीय रहा।



## कलेक्टर-एसपी का निर्देश कानून का हो पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को लेकर दिशा कानून समिति की बैठक में अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में प्रशासन को और अधिक सक्रिय एवं सख्त रवैया अपनाने पर जोर दिया गया। इस बैठक में राजस्व, आरटीओ, पुलिस, नेशनल हाइवेए पशुधन, आबकारी, पंचायत, नगरीय निकाय के अधिकारी उपस्थित थे।

■ कानून व्यवस्था सड़क सुरक्षा व यातायात नियंत्रण को मजबूत करने एक्शन मोड में कलेक्टर

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की जुलूस, धरना, जयंती, उत्सव या सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने से पहले संबंधित एसडीएम कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। वहीं एनडीपीएस एवं आबकारी एक्ट के तहत जब्त किए गए वाहनों की जल्द नीलामी करने के निर्देश भी दिए गए। सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर ने बताया कि फरवरी और मार्च माह में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है, लेकिन इसे और कम करने के लिए लगातार प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने शराब और नशीले मादक द्रव्यों के सेवन कर वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी को सड़क अधोसंरचना में सुधार, रिफ्लेक्टर लगाने, सड़क किनारे रेलिंग पर रेडियम पट्टी लगाने एवं अंधे मोड़ों पर दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा, गढ़चौक क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण अंतर्गत सड़क किनारे लगे ठेलों को हटाने के निर्देश दिए गए। सारंगढ़ शहर में सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7.30 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर ने अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

## एक्साइज कटौती को लेकर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

**रायगढ़।** एक्साइज ड्यूटी को लेंकर मुख्यमंत्री साय द्वारा मोदी सरकार का आभार व्यक्त करने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इसे चाटुकारिता निरूपित किए जाने पर ओपी चौधरी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा आपकी इन्हीं ओछी हरकतों की वजह से जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है।

किसी भी मसले में जनता जनार्दन को गुमराह करने से पहले भूपेश बघेल को अपना इतिहास याद करने की सलाह देते हुए वित्त मंत्री ओपी ने कहा कोविड जैसी राष्ट्रीय आपदा के समय जब पूरी दुनिया संकट से जूझ रही थी और लोग आर्थिक मुश्किलों में थे। तब आपकी कांग्रेस सरकार ने छग में पेट्रोल पर वैट बढ़ाकर आपदा को अवसर बनाकर जमकर वसूली की थी। आज जब दुनिया युद्ध और वैश्विक हालात के कारण महंगे तेल से जूझ रही हैए तब केवल भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों को मूल्य वृद्धि के बोझ से बचाने के लिए एक्साइज ड्यूटी कम करने का फैसला लिया है। आम जनता की मिलने वाली राहत से कांग्रेस की तकलीफ है। एक्साइज कम किए जाने से पेट्रोल की मूल्य वृद्धि रुक गई और कांग्रेस से रोने का अवसर भी छीन लिया गया। आपकी सत्ता के समय में आपदा वसूली का अवसर थी, जबकि मोदी जी के नेतृत्व में संकट आने पर भी आम जनता को राहत देने का निर्णय लिया गया है।

#### बैठक में वित्त मंत्री हुए शामिल



असम विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर खुमतई विधानसभा के सिनाटोली गांव में विधायक मृणाल सैकिया, खुमतई विधानसभा प्रवासी प्रभारी एवं पूर्व विधायक हरियाणा भव्य बिश्नोई के साथ चुनाव मैनेजमेंट कमिटी की बैठक में वित्त मंत्री विधायक ओपी चौधरी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सत्यजित, अनिमेश सैकिया, प्रोविन, कृष्ण भूषण सहित भाजपा संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकताओं की मौजूदगी रही।

### मुख्य मार्ग पर तलवार लहराकर दहशत बनाने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ थाना क्षेत्र के ससहा मेन रोड में तलवार लहराकर दहशत बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार तलवार को बरामद किया गया है। पामगढ़ पुलिस को 28 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ससहा मेन रोड मे एक व्यक्ति लोहे का धारदार तलवार को लहराकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना पर थाना पामगढ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी ससहा निवासी गुरूदेव निषाद को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से लोहे का धारदार तलवार को बरामद किया गया।

## दनौट कया कमतरा मार्ग के लिए 19 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विधान सभा धर्मजयगढ़ के दनौट कया कमतरा मार्ग के निर्माण हेतु 18.71 करोड़ की स्वीकृति मिलने पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने मुख्यमंत्री साय एवं विधायक रायगढ़ एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है।

घरघोड़ा मंडल द्वारा इस सड़क निर्माण की मांग रखी गई थी। अरुण धर दीवान ने कहा यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरा कर साय सरकार ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास सर्वोपरि की भावना से काम किया है। 13.40 किमी सड़क मार्ग के उन्नयन कार्य हेतु 18.71 करोड़ रुपए की स्वीकृति वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदान की हैं। इस सड़क मार्ग के मध्य 60 मीटर का पुलिया का निर्माण भी प्रस्तावित है। भूपेश सरकार के रहते स्थानीय विधायक की निष्क्रियता की वजह से सड़क निर्माण को मंजूरी नहीं मिल पाई लेकिन साय सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास को मूलमंत्र बनाते हुए विकास में आधारशिला रखी है। सड़क निर्माण से जनता को मूलभूत आवश्यकता चिकित्सा शिक्षा आसानी से उपलब्ध होगी।

## ईद मिलन में नन्हे रोजेदारों का सम्मान

**रायगढ़।** शहर के मधुबन पारा स्थित मस्जिद गरीब नवाज ग्राउंड में आल मुस्लिम वेलफेयर द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह एवं नन्हें रोजेदार 2026 कार्यक्रम में आध्यात्मिकता, अनुशासन और भाईचारे का प्रेरणादायक संगम देखने को मिला। इस अवसर पर 328 नन्हे रोजेदारों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की गई।



कार्यक्रम में बिलासपुर से आए फाउंडर मेंबर ने बच्चों से सीधे संवाद करते हुए रोजे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रोजा हमें सब्र, परहेजगारी और इंसानियत का पाठ पढ़ाता है तथा एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विशेष रूप से माताओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि बच्चों की अच्छी परवरिश में वालिदा का योगदान सबसे अहम होता है जो उन्हें बचपन से सही मार्ग पर अग्रसर करती हैं। इस विशेष आयोजन में बच्चों के अभिभावकों, खासकर माताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि जब बच्चे छोटी उम्र से ही अनुशासनए त्याग और इबादत की सीख ग्रहण करते हैं तो यही संस्कार उन्हें भविष्य में सफलता और नेक इंसान बनने की राह दिखाते हैं। कार्यक्रम में सूफियाना कलाम की प्रस्तुति ने माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। सूफी गायक सरवर हुसैन सुरूर बैंड की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के दौरान आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद सिराज प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## रेलवे लाइन निर्माण से सड़क यातायात का दबाव घटेगा पर्यावरण और स्थानीय विकास को मिलेगा लाभ

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के पुसौर तहसील अंतर्गत छोटे भंडार क्षेत्र में स्थापित कोयला आधारित बिजली संयंत्र के लिए कोयला आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने हेतु रेल परियोजना पर कार्य प्रगति पर है। संयंत्र से वर्तमान में 600 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। 2 गुणा 800 मेगावाट क्षमता के अतिरिक्त संयंत्र का निर्माण कार्य चल रहा है।

बिजली उत्पादन के लिए ईंधन आपूर्ति की नियमित व्यवस्था को देखते हुए यह रेल मार्ग विकसित किया जा रहा है।प्रस्तावित रेल लाइन किरोड़ीमल से शुरू होकर मुरालीपाली, उच्चभित्ति, काशीचुआ, गेजमुड़ा, बनहर, बघनपुर, जामपाली, उसरौट, बालमगोंडा, कुरमापली, गोर्रा, राईतराई, बुलाकी, बासनपाली, रुचिदा, शंकरपाली, पुसलदा, कोतमरा और बड़ेभंडार होते हुए संयंत्र क्षेत्र तक जाती है। इन ग्रामों में निर्माण गतिविधियां विभिन्न चरणों में चल रही हैं। परियोजना से जुड़े कुल 20 ग्रामों में भूमि अधिग्रहण किया गया जिसके पश्चात निर्माण कार्य प्रारम्भ कर पूर्णता की ओर अग्रसर है भूअर्जन की पूरी प्रक्रिया शासन के द्वारा नियमानुसार और निर्धारित दरों पर पूरी कर ली गई थी। 18 ग्रामों के भू-स्वामियों ने नियमानुसार मुआवजा स्वीकार किया और कार्य आगे बढ़ा। शेष दो ग्रामों में कुछ भू-स्वामियों द्वारा निर्धारित दरों से अधिक मुआवजे की मांग की गई, जिस कारण कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। प्रशासनिक स्तर पर इस स्थिति को कानून एवं प्रक्रिया के तहत संभाला गया। सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न होने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गईए जिसके बाद परियोजना से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया गया। वर्तमान में कोयले की आपूर्ति सड़क मार्ग से होती है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ती है। रेल मार्ग से परिवहन शुरू होने पर सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा, धूल-प्रदूषण में कमी आएगी और सड़क सुरक्षा से जुड़े जोखिम घटेंगे। स्थानीय स्तर पर इसे एक दीर्घकालिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है।



## जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 100 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार सारंगढ़ एसडीएम कार्यालय परिसर में अनुविभाग स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और त्वरित निराकरण के प्रयास किए गए।

शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन, गोदभराई एवं बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही रेडी टू ईट व्यंजनों की प्रदर्शनी तथा महतारी वंदन योजना से संबंधित जानकारी भी प्रदर्शनी के माध्यम से दी गई। इस शिविर में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, एसडीएम वर्षा बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कुल 97 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को कीटनाशक दवाओं का वितरण किया गया। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप चेक प्रदान किए गए।

### इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग में समीर ने जीता गोल्ड

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ राज्य विद्युत मंडल कंपनी द्वारा मड़वा में पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के समीर शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल किया। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने दमदार प्रदर्शन से प्रदेश का नाम रोशन किया है। जांजगीर के समीर शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा मड़वा प्लांट में आयोजित की गई थी, जिसमें देश-विदेश के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समीर शुक्ला ने पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही बॉडीबिल्डिंग में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। उनके शानदार प्रदर्शन के चलते अब उनका चयन आगामी अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है।



## बैंक ऑडिट विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**रायगढ़।** आईसीएआई की शाखा में बैंक ऑडिट विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा के वरिष्ठ सदस्य एफसीए अरुण कुमार अग्रवाल ने अपने व्यापक अनुभव एवं व्यावहारिक ज्ञान को अत्यंत सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बैंक ऑडिट से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं, चुनौतियों तथा वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से विषय को विस्तारपूर्वक समझाया सत्र का संचालन मानस बंसल द्वारा किया गया। सत्र अत्यंत उपयोगी, रोचक एवं मार्गदर्शक रहा।

इसी सत्र में ही सीए विद्यार्थियों की संस्था सीआईसीएएसए के पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष सीए तेजस्वी अग्रवाल, उपाध्यक्ष खुशी अग्रवाल सचिव दिशा अग्रवाल कोषाध्यक्ष खुशी अग्रवाल तथा सदस्य सचिन गुप्ता, विशाल तलरेजा, कृष्ण कमानी, शिवम शर्मा, अर्चित अग्रवाल एवं श्याम सिंघल बने। यह संस्था विद्यार्थियों के विकास के लिए सेमिनार, ज्ञानवर्धक एवं व्यावसायिक कोर्स, डेबिट, स्पोर्ट्स तथा अन्य कार्यक्रम समय समय पर आयोजित करेगी ताकि विद्यार्थियों का समुचित बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हो सके। इस कार्यक्रम में शाखा के चेयरमैन सीए दिनेश अग्रवाल, ने बताया कि शाखा द्वारा 50 विद्यार्थियों के लिए एक लाइब्रेरी जल्द रायगढ़ में शुरू होने वाली है। शाखा के सीए सदस्यों के लिए एक एआई का 3 दिवसीय कोर्स एक मई से शुरू होने वाला है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त